रोबोट सीएम राजे से बोला 'जय जय राजस्थान'

जयपुर में टेक्नो हब का आगाज, उद्यमियों को दी नई सौगात

भामाशाह टेक्नो हब से नए उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा : राजे

जयपुर (कासं)। राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के युग में नए उद्यमियों को बेहत्तर कार्य कर प्रदेश को देश में पहले स्थान पर लाना होगा। राजे आज यहां झालाना औद्योगिक क्षेत्र में भामाशाह टेक्नो हब के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह देश का सबसे बड़ा एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित सेन्टर है, जहां लगभग 700 उद्यमी एक साथ बैठकर अपने व्यापार को आगे बढ़ाने का काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उद्यमियों को स्टार्टअप को नई संभावनाओं की राह दिखाई जाएगी और तकनीकी सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भामाशाह टेक्नो हब का उद्घाटन कर प्रदेश के उद्यमियों को नई सौगात दे दी। इस मौके » *शेष पृष्ठ 9 पर*

देश का पहला इक्यूबेशन सेंटर, मिलेगा पूरा सपोर्ट

माना जा रहा है कि इस केंद्र के बनने से यहां स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। इसमें हाई स्पीड इंटरनेट और वर्ल्ड क्लास वर्क स्पेस होगा। इसमें जिम ऑडिटोरियम, मीटिंग, कॉन्फ्रेंस रूम, कैफेटेरिया आदि सभी सुविधाएं हैं।

सरकार का दावा है कि यह देश का पहला इन्क्यूबेशन सेंटर है जहां इतने स्टार्टअप को एक साथ बैठने की व्यवस्था होगी। यहां आने वाले हर स्टार्टअप्स को डेडिकेटेड मेंटरिंग और सपोर्ट दिया जाएगा। इसके लिए करीब 40 मेंटर्स की भर्ती कर ली गई है।

इसलिए खास है यह सेंटर

अधिकारियों के अनुसार हर 4 महीने में स्टार्टअप्स की परफॉमेंस का इवैल्यूएशन होगा। भामाशाह टेक्नो हब उभरते उद्यमियों के बीच जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देने के लिए टिंकरिंग लैब्स भी बनाएगा।